**बिहार सरकार**
**स्वास्थ्य विभाग**

**आदेश**

**सं०सं०–17/विविध 1–261/2023** **पटना, दिनांक– / /2025**

डा० संदीप कुमार, सहायक निदेशक, मेडिकल कार्डियोलॉजी संवर्ग, इन्दिरा गॉधी हृदय रोग संस्थान, पटना की नियुक्ति/पदस्थापन इन्दिरा गॉधी हृदय रोग संस्थान चिकित्सा सेवा संवर्ग के अन्तर्गत विभागीय अधिसूचना संख्या–1042(17) दिनांक–10.10.2023 द्वारा सहायक निदेशक (मूल कोटि), मेडिकल कार्डियोलॉजी संवर्ग के पद पर की गयी है। उक्त के आलोक में डा० संदीप कुमार द्वारा दिनांक–13.10.2023 को अपना योगदान समर्पित किया गया है।

2. इसके पूर्व डा० सदीप कुमार, बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अधीन दिनांक–06.08.2008 से 12.10.2023 तक की अवधि में चिकित्सा पदाधिकारी, कनीय चिकित्सा पदाधिकारी (संविदा–BHS) एवं सहायक निदेशक (संविदा–BHS) के पद पर कार्यरत थे। यह सेवा भी नयी अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित थी।

3. वित्त विभाग, बिहार, पटना के संकल्प संख्या–665 दिनांक–15.07.2019 में निहित प्रावधानों के आलोक मे डा० संदीप कुमार के द्वारा बिहार स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के अधीन चिकित्सा पदाधिकारी, कनीय चिकित्सा पदाधिकारी (संविदा–BHS) एवं सहायक निदेशक (संविदा–BHS) के पद पर दिनांक–06.08.2008 से 12.10.2023 तक की गई सेवा अवधि की गणना नई अंशदायी पेंशन योजना प्रयोजनार्थ परिगणित करने तथा उसे वर्तमान सेवा (सहायक निदेशक (मूल कोटि), मेडिकल कार्डियोलॉजी संवर्ग) के साथ परिगणित करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। साथ ही बिहार सेवा सहिता के नियम–78(क)(2) के आलोक में डा० संदीप कुमार को वेतन संरक्षण का लाभ प्रदान किया जाता है।

4. उक्त प्रस्ताव में वित्त विभाग, बिहार, पटना की सहमति एवं सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
**(रेणु कुमारी)**
**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

**ज्ञापांक :–17/विविध 1–261/2023**– 828(17) **पटना, दिनांक :–**31/07/**2025**

**प्रतिलिपि :–** महालेखाकार (ले० एवं ह०), बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** निदेशक, इन्दिरा गॉधी हृदय रोग संस्थान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** डा० संदीप कुमार, सहायक निदेशक, मेडिकल कार्डियोलॉजी संवर्ग, इन्दिरा गॉधी हृदय रोग संस्थान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–02, 03, 09 एवं 18 A स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि :–** आई० टी० मैनेजर/प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

Estt/D/Raumish Sir/Aadesh